लघु उद्योग ग्रामीण कृषि विकास बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्यादित
जिला आगर–मालवा
(SIRAD)
ई–मेल siradmpcs@gmail.com

क्रंमाक / विज्ञप्ति–4 / 2024–25 / 318 आगर दिंनाक 22.02.2025

// ग्राम समृद्धि केन्द्र हेतु आवेदन आमंत्रण //

ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन, सेवा, लघु उद्योग और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, लघु उद्योग ग्रामीण कृषि विकास बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्यादित जिला आगर–मालवा द्वारा जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम समृद्धि केन्द्र की स्थापना की जा रही है। इस हेतु आवेदन आंमत्रित किये जा रहे है। जिसकी आवेदन क्रंमाक / विज्ञप्ति–4 / 2024–25 / 10 आगर दिंनाक 26.01.2025 से आवेदन की अतिंम तिथि 20फरवरी 2025 तक निर्धारित थी। जिसकी आवेदन की अतिंम तिथि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की जाती है।

मुख्य उद्देश्य :–

1. लोकल फॉर वोकल :– स्थानीय महिलाओ एवं बेरोजगार युवाओ के माध्यम से स्थानीय उत्पादों का निर्माण।
2. ग्रामीण क्षैत्रो में उत्पादों के लिए स्थायी बाजार उपलब्ध कराना।
3. सेवा, लघु उद्योग और नवाचार को बढावा देना।

आवेदन की प्रक्रिया :–

1. आवेदन की तिथि :– 22 फरवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक।
2. आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से स्वीकार किए जाएगे।
3. आवेदन करने हेतु संस्था की वेबसाईट siradmpcs.org पर जाये।
4. आवेदन पूर्णतः नि–शुल्क है।

महत्वपूर्ण निर्देश :–

1. प्रत्येक ग्राम पंचायत से अधिकतम 20 आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।
2. आवेदनकर्ता की योग्यता 10 वी पास अनिवार्य है।
3. आवेदनकर्ता संबधित ग्राम पंचायत का होना अनिवार्य है।
4. ग्राम समृद्धि केन्द्र की सेवाओ का विवरण वेबसाईट पर उपलब्ध है।
5. आवेदन पत्र के साथ मांगे गये सभी दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है।
6. आवेदनकर्ता को संस्था की ओर से सूचना प्राप्त होने पर निर्धारित दिंनाक, समय एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
लघु उद्योग ग्रामीण कृषि विकास
बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्यादित

"हमारे संग, गांव का विकास
सहकारिता से समृद्वि का विश्वास"
संस्थां की अधिकृत वेबसाईट **siradmpcs.org**

Scanned with OKEN Scanner